## निविदा

### अभिनन्दन योजना के अन्तर्गत सिल्वर के सिक्के बनाने हेतु निविदा

बैंक ऑफ बडौदा, अंचल कार्यालय, जयपुर अपने बैंक के सेवा निवृत्त स्टॉफ सदस्यों हेतु चॉदी धातू (Silver) के प्रति सिक्का 200 ग्राम वजन के सिक्के बनाने हेतु दो बोली प्रणाली के तहत अर्हताप्राप्त फर्मो से मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित करता है।

सील बन्द निविदायें लिफाफे में जिसमें लिफाफे पर **'अभिनन्दन योजना के अन्तर्गत चॉदी धातू (Silver) के सिक्के बनाने हेतु निविदा -2022'** लिखा होना चाहिये। इस लिफाफे में 2 सील बन्द लिफाफे निम्नानुसार रखें जायेंगे।

लिफाफा 1. तकनीकी बिड + ईएमडी (रू 16,000/-)

लिफाफा 2. वित्तीय बिड संलग्न प्रारूप में

**निविदा की नियम व शर्ते निम्न प्रकार है:**

| | | |
|---|---|---|
| निविदा फार्म जारी करने की प्रारम्भिक तिथि | :– | 01.01.2022 |
| निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | :– | 21.01.2022 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | :– | 21.01.2022 अपरान्ह 3.30 बजे |

निविदा जमा करने का पता

महाप्रबन्धक<br>
बैंक ऑफ बडौदा, अंचल कार्यलय<br>
बडौदा भवनए प्लॉट संख्या 13,<br>
एयरपोर्ट प्लाजा दुर्गापुरा,<br>
टोंक रोड जयपुर 302018

महाप्रबन्धक<br>
अंचल कार्यालय जयपुर

पार्ट –1 (तकनीकी बिड )

<u>अभिनन्दन योजना के अन्तर्गत</u> चॉदी धातू (Silver) <u>के सिक्के बनाने हेतु निविदा</u>

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम व पता | |
| फर्म के स्वामी का नाम व फोन न0 | |
| सम्बन्धित व्यवसाय के कार्य अनुभव | |
| फर्म का GST/CST/PAN No | |
| फर्म का पिछले 3 साल का औसतन टर्नओवर मार्च 2021 तक | |

## नियम व शर्ते:

1. चॉदी धातू (Silver) के कुल 97 सिल्वर के सिक्के का निर्माण होगा।
2. निविदा बन्द लिफाफे में होनी चाहिये।
3. निविदाकर्ता का पिछले 3 साल का मार्च 2021 तक औसतन **लेबर** टर्नओवर रू 1.2 लाख होना चाहिये। ( प्रमाण पत्र संलग्न करें। )
4. निविदाकर्ता द्वारा पिछले 3 वर्षो में चॉदी धातू (Silver) का **लेबर** कार्य निम्नानुसार किया जाना चाहिये। (प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
    - एक कार्य रू 1.50 लाख
      अथवा
    - दो कार्य रू 0.75 लाख प्रत्येक
      अथवा
    - 3 कार्य रू 0.60 लाख प्रत्येक
5. निविदाकर्ता द्वारा ₹ 16,000 (प्रति देय) "बैंक ऑफ बडौदा" के पक्ष में आहरित डीडी/बैंकर्स चैक जमा कराना है । (जयपुर पर देय )
6. एल–1 निविदाकर्ता यदि बैंक आउट करता है तो उसकी ईएमडी जब्त कर ली जायेगी।
7. चॉदी धातू (Silver) की कीमत बाजार भाव कार्यादेश दिये जाने वाले दिन बाजार भाव ( समाचार पत्रों में MCX की छपी हुई दर के अनुसार ) के अनुरूप होगी।
8. प्रत्येक चॉदी धातू (Silver) सिक्के का वजन 200 ग्राम होगा।
9. प्रत्येक चॉदी धातू (Silver) के सिक्के में चांदी की शुद्वता 99 से 100 प्रतिशत होगी।
10. चॉदी धातू (Silver) सिक्के का निर्माण बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये आकार व नमूने के अनुसार होगा।

11. प्रत्येक चॉदी धातू (Silver) सिक्का 3.25 इंच के डाईमीटर में तैयार किया जायेगा तथा प्रत्येक सिक्के पर एक तरफ स्टॉफ सदस्य का नाम एवं सेवा अवधि तथा दूसरी तरफ बैंक का **लोगो** एवं नाम होगा।
12. चॉदी धातू (Silver) सिक्के बनने के पश्चात् **किन्ही भी दो** सिलवर सिक्के के वजन व गुणवत्ता की जॉच गठित कमेटी द्वारा जयपुर की दो प्रतिष्ठित टेस्टिंग सेंटर से कराई जायेगी एवं इसके प्श्चात ही भुगतान होगा।
13. दो चॉदी धातू (Silver) के सिक्कों की गुणवत्ता की जॉच पश्चात् यह दोनों सेम्पल आपको लौटा दिया जाएगा तथा इस सेम्पल का वापसी मूल्य काटने के पश्चात् ही कुल भुगतान किया जायेगा।
14. चॉदी धातू (Silver) सिक्के की आपूर्ति, कार्यादेश दिये जाने के 15 दिवस के अन्दर अंचल कार्यालय जयपुर को स्वंय के खर्चे पर की जायेगी।
15. चॉदी धातू (Silver) सिक्को का सम्पूर्ण भुगतान माल की डिलीवरी प्राप्त होने के **पश्चात्** जॉच रिपोर्ट एवं बिल प्रस्तुत करने पर किया जायेगा।
16. निविदा केवल संलग्न प्रारूप में ही भरकर देने पर मान्य होगी।
17. किसी भी रूप में अपूर्ण निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
18. कोई एक अथवा सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होगा।
19. विलम्ब से चॉदी धातू (Silver) के सिक्को की आपूर्ति किये जाने की दशा में **₹ 10,000/- (दस हजार मात्र)** प्रति सप्ताह (आपूर्ति की नियत तिथि के पश्चात् ) की दर से दण्ड आरोपित किया जायेगा तथा बिल की राशि से कटौती की जायेगी।
20. चॉदी धातू (Silver) के सिक्को की आपूर्ति के पश्चात् दो सिक्को का वजन व गुणवत्ता की जॉच हेतु गठित कमेटी द्वारा जयपुर की दो प्रतिष्ठित टेस्टिंग प्रयोग शाला सेन्टर से किये जाने के पश्चात् शुद्वता के अनुसार ही भुगतान किया जायेगा।
21. तकनीकी रूप से पात्र निविदाकर्ता को उनकी वित्तीय निविदा खोलने की तिथि पृथक से अवगत करा दी जायेगी एवं तकनीकी रूप से अपात्र निविदा कर्ता को इस सबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी।
22. चॉदी धातू (Silver) के **सभी सिक्के पर हालमार्क किए हुए होने चाहिए।**

मैनें उपरोक्त सभी शर्तों को पूर्ण रूप से पढ लिया है तथा सभी शर्तो से सहमत होते हुए निविदा के लिये आवेदन कर रहा / रही हूं।

दिनांक हस्ताक्षर ( मय सील )

स्थान निविदाकर्ता

पार्ट –2 वित्तीय बिड

श्रीमान,

महाप्रबन्धक
बैंक ऑफ बडौदा, अंचल कार्यलय
बडौदा भवन, प्लॉट संख्या 13,
एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा,
टोंक रोड, जयपुर- 302018

महोदय,

**विषयः बैंक की अभिनन्दन योजना के अन्तर्गत चॉदी धातू के सिक्के बनाने हेतु वित्तीय निविदा**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपकी निविदा सूचना दिनांक ................. के सन्दर्भ में मै/हम अपनी वित्तीय निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहे है।

| क स | विवरण | सिक्को की संख्या | दर प्रति सिक्का (₹)<br>मेकिंग चार्ज | कुल कीमत (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चाँदी धातू (Silver) के सिक्के (प्रत्येक सिक्के का वजन 200 ग्राम एवं व्यास 3.5 इंच) जिनके एक ओर स्टॉफ सदस्य का नाम एवं सेवा अवधि तथा दूसरी ओर बैंक का लोगो होगा<br>(यह दर मजूदरी सहित, गढाई सहित, प्रत्येक सिक्के पर BIS Hallmark) सहित एवं प्रत्येक सिक्के हेतु प्रथक वेलवेट बॉक्स सहित होगी) | 97 | | |
| 2 | टैक्स (कुल कीमत का) | | | |
| 3 | कुल मूल्य ( क्रम संख्या 1 एवं 2 सहित ) | | | |

मै/हम उपरोक्तानुसार एवं स्वेच्छा से अपनी वित्तीय बिड प्रस्तुत कर रहे है एवं साथ ही तकनीकी बिड में दर्शायेनुसार चॉदी की कीमत कार्यादेश दिये जाने वाले दिन बाजार भाव ) समाचार पत्रों में MCX की छपी हुई दर के अनुसार होना स्वीकार करते है।

दिनांक
स्थान

हस्ताक्षर ( मय सील )
निविदाकर्ता